भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 3723

गुरुवार, 9 अगस्त, 2018/18 श्रावण, 1940 (शक)

अनुकंपा आधार पर नौकरी
3723. श्री राजेश वर्माः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) वर्ष 2017-18 के दौरान अनुकंपा आधार पर नौकरी देने के संबंध में संसद सदस्यों की सिफारिश वाले कितने आवेदन केन्द्र सरकार को प्राप्त हुए हैं;
(ख) इनमें से कितने आवेदन अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित हैं; और
(ग) ऐसे कितने व्यक्तियों को संसद सदस्यों की सिफारिश से अनुकंपा आधार पर नियुक्त किया गया है और उक्त अनुकंपा आधार का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री मनसुख एल. मांडविया)

(क) एवं (ख): कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग अनुकंपा नियुक्ति संबंधी नीति तय करता है, जिसे भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों द्वारा क्रियान्वित किया जाता है। संबंधित मंत्रालयों/विभागों में अनुकंपा आधार पर नियुक्ति के लिए माननीय संसद सदस्यों द्वारा संस्तुत मामलों का कोई केन्द्रीकृत आंकड़ा नहीं रखा जाता है। जहॉ तक सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का संबंध है, वर्ष 2017-18 के दौरान अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के संबंध में माननीय संसद सदस्यों से 3 संदर्भ प्राप्त हुए थे। इनमें से, एक आवेदन अनुसूचित जाति के व्यक्ति से प्राप्त हुआ था।

(ग): अभिलेखों के अनुसार इस तरह की कोई नियुक्ति नहीं की गयी है।

*****